हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 महंगाई रूपी डायन को बिठाकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन



12 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और सहकारिता ...



## खबर संक्षेप

### व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर 22 मई से



**नगरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में छह दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 22 से 27 मई तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बीटीआईई) नगरी में होगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, श्रेष्ठ संस्कारों, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना है। इस शिविर में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। शिविर के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, योग, आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी जाएगी। आयोजन समिति ने सीमित स्थान होने के कारण इच्छुक प्रतिभागियों से शीघ्र पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है। पंजीयन शुल्क 51 रुपये है।

### अघोषित कटौती बंद करे बिजली विभाग : गौरव



**धमतरी।** शहर मंडल महामंत्री गौरव मगर ने कहा कि भीषण गर्मी के समय बार-बार बिजली गुल होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, विद्यार्थी एवं व्यापारी सभी इससे प्रभावित हो रहे हैं। हल्की बारिश होते ही बिजली बंद हो जाना यह दर्शाता है कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह लचर हो चुकी है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो जनता का आक्रोश बढ़ता जाएगा। बिजली विभाग को चाहिए कि वह लाइन मेंटेनेंस, ट्रांसफार्मर एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत करे ताकि मौसम बदलते ही सप्लाई बाधित न हो।

### छ.ग. कोसरिया यादव समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 24 मई को

**धमतरी।** रविवार को प्रदेश संगठन छ.ग. कोसरिया यादव समाज रायपुर के तत्वाधान में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक मयाराम सुरजन हाल, भा.ज.पा. कार्यालय कार्यालय के बाजू रजबंधा रायपुर में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी तुलसीराम यादव धमतरी ने दी।

# धमतरी शहर में दो नए फोरलेन मार्ग का कार्य जल्द होगा प्रारंभ

## लोक निर्माण विभाग के सचिव ने किया निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को मजबूत और सुरक्षित बनाने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने धमतरी जिले में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री बंसल ने धमतरी शहर में प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण फोरलेन सड़कों की स्थल स्थिति का अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक 4.4 किलोमीटर तथा सिहावा चौक से कोलियारी तक 5 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित फोरलेन के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। सड़क कार्य का अवलोकन किया। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर में यातायात दबाव कम होगा। आवागमन अधिक सुगम बनेगा तथा भविष्य की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को बेहतर आधार मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रारंभिक तैयारी शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सुरक्षा मानकों की ली जानकारी

विभागीय सचिव ने कुरुद-चरमुड़िया-गोबरा-सिवनी-चिंवरी-सिर्री मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 30 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रही 9.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को फरवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की जानकारी लेते हुए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।



### गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष जोर

श्री बंसल ने सिर्री-फुसेरा-करगा-चटौद मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया। लगभग 15 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से 9.6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का उन्नयन किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य में गति लाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## सीट कम, आवेदन ज्यादा, अब तक 200 को एडमिशन

# आरटीई : बड़ी संख्या में पालक हुए मायूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आरटीई से बड़ी संख्या में पालकों को निराशा उठानी पड़ रही है। इस बार मात्र 450 सीट ही रिक्त थी। इन रिक्त सीटों से चार गुना से ज्यादा आवेदन मिले थे। पहले चरण में 3 सौ से ज्यादा सीटों पर लॉटरी निकाली गई है। 200 से ज्यादा छात्रों को एडमिशन भी दिया जा चुका है।

आरटीई के नियम बदलने से इस साल सीटों की संख्या काफी कम हो गई है। पहले जहां 1 हजार से ज्यादा सीटें होती थीं, इस साल मात्र 450 सीट ही रिक्त है। पहले नर्सरी, केजी-1 से एडमिशन लिया जाता था। इस साल एडमिशन कक्षा पहली में लिया जाएगा। जिन स्कूलों में नर्सरी, केजी-1 से एडमिशन लिया जाता था, वहां पर केजी कक्षाओं के बाद छात्र पहली कक्षा में पढ़ रहे हैं। ऐसे में इन स्कूलों में आरटीई के तहत निर्धारित 25 प्रतिशत सीट पहले से भरी हुई है। जोड़ तोड़कर आटीई के तहत रजिस्टर्ड 214 निजी स्कूलों में मात्र 450 सीट ही रिक्त है। उधर इन सीटों पर एडमिशन के लिए 1200 से ज्यादा आवेदन मिले। लॉटरी निकालकर छात्रों का चयन किया गया। पहले चरण में 300 से ज्यादा छात्रों को लॉटरी के माध्यम से सिलेक्ट किया गया है। अब तक 200 से ज्यादा छात्रों को विभिन्न निजी स्कूलों में दाखिला दिया जा चुका है। मई माह के अंत तक पहले चरण की एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।





फाइल फोटो

### दस दिन बाद दूसरे चरण की प्रक्रिया

13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विभिन्न स्कूलों में आरटीई के तहत लॉटरी निकाली गई। दस्तावेज सत्यापन के बाद 1 मई से स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। 30 मई तक छात्रों को स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दूसरे चरण में 8-20 जून तक नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। 1 जुलाई से 11 जुलाई तक छात्रों का आवेदन लिया जाएगा। 27-31 जुलाई तक लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 17 अगस्त तक दाखिला दिया जाएगा।

# अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण-पत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध

- पात्र विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का मिलेगा लाभ

**धमतरी।** केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अब अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कक्षा 1 ली से 10 वीं तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अन्य पात्र वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रदान करने हेतु यह व्यवस्था लागू की गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के कंपोनेंट सेकेंड अंतर्गत देश के अस्वच्छ व्यवसाय से जुड़े परिवारों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र की तरह अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

इस संबंध में सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, आवेदक संबंधित अनुविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदन हेतु 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र, निर्धारित प्रारूप में सरपंच अथवा पार्षद के हस्ताक्षर तथा पटवारी के सत्यापन सहित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा।

# राधास्वामी सत्संग ब्यास को जमीन दान करने की मांगी अनुमति

- आदिवासी किसान ने 84 डिसमिल जमीन देने कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बनबगौद में एक आदिवासी किसान ने राधास्वामी सत्संग ब्यास के लिए अपनी जमीन हस्तांतरण के लिए कलेक्टर से अनुमति मांगी है। ग्राम कांटाकुर्रीडीह निवासी अश्वनी ठाकुर जाति गोंड ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि ग्राम बनबगौद में राधास्वामी सत्संग ब्यास का सत्संग सन 2013 से सुचारू रूप से संचालित है। इस सत्संग घर के नाम पर 1.45 एकड़ भूमि दर्ज है जहां आसपास के 15 से 20 गांव के लगभग 250 से 500 संगत साप्ताहिक सत्संग के लिए एकत्रित होते हैं। सत्संग की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां स्थायी सत्संग शेड, टायलेट ब्लाक, पानी टंकी एवं बाउंड्रीवाल की अत्यंत आवश्यकता है। संस्था के नियमानुसार कम से कम दो एकड़ जमीन होने पर ही स्थायी निर्माण के लिए मुख्यालय की स्वीकृति मिलती है। राधास्वामी सत्संग ब्यास बनबगौद के केयरटेकर पतिराम साहू ने बताया कि जमीन देने वाले अश्वनी ठाकुर संस्था से जुड़े हुए हैं। अपनी निजी स्वामित्व वाली जमीन खसरा नंबर 703 रकबा 0.34 हेक्टयर को पूर्णतः स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के जनसेवा एवं धार्मिक हित के लिए संस्था को हस्तांतरित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि अश्वनी ठाकुर संपन्न कृषक हैं। 84 डिसमिल जमीन के अलावा उनके पास 6 एकड़ कृषि जमीन है। इस जमीन के हस्तांतरण से उनके परिवार के जीविकोपार्जन पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। भविष्य में संस्था की योजना उक्त जमीन पर पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करने की है। उन्होंने संस्था के नाम जमीन हस्तांतरित करने की अनुमति कलेक्टर से मांगी है।



# मंदिर प्रांगण के लिए शासकीय जमीन की मांग

- मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ने शासकीय जमीन की मांग कलेक्टर से की है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्टर को आवेदन पत्र सौंपकर कहा है कि भखारा तहसील के ग्राम अमलीडीह में ग्राम की अधिष्ठात्री देवी का मंदिर है जिसका संचालन समिति द्वारा किया जाता है। समिति के अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि समिति विगत 40-50 साल से धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है। समिति पंजीकृत संस्था है। यह मंदिर आसपास के ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र है। दोनों नवरात्र पर्व में अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। मंदिर के आसपास की जमीन शासकीय मद में दर्ज है जिसके अतिक्रमण को ग्राम पंचायत के माध्यम से सेवा समिति द्वारा हटाया गया है। उपरोक्त भूमि को वर्तमान में संरक्षित किया जाना आवश्यक है।

समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य दिनेश ▶▶ शेष पेज 10 पर



# सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवक की मौत

- नेशनल हाईवे में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाईवे से होते हुए अपने घर चारामा लौट रहे स्कूटी सवार युवकों को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार चारामा बिजलीपारा निवासी मुजीब खान पिता अहमद उम्र 21 वर्ष सोलर प्लेट लगाने का काम करता था। सोमवार को युवक अपने दोस्त इंदर किरी के साथ उसी की स्कूटी में काम से कांकेर गया था जहां से दोनों दोस्त सोमवार की रात्रि वापस अपने घर चारामा लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे में ग्राम खेसरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन, स्कूटी को जोरदार टक्कर मार मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार इंदर किरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में मुजीब खान गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



# मुसाफिर युवक को चाकू मारकर मोबाइल व रुपए लूटे

- काम की तलाश में उत्तरप्रदेश से धमतरी आया था युवक, बस स्टैंड में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

काम की तलाश में धमतरी पहुंचे युवक को बस स्टैंड में अज्ञात युवकों ने चाकू मारकर घायल कर उसके मोबाइल व नकदी लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद वे फरार हो गए।

घायल के अनुसार उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ निवासी हरेंद्र यादव पिता सुखराम उम्र 31 वर्ष बायलर आपरेटर का काम करने के लिए रविवार की रात्रि जगदलपुर से बस में सवार होकर धमतरी पहुंचा था। युवक बस से उतरकर यात्री प्रतीक्षालय में खड़ा था। इसी दौरान रात्रि लगभग 2 बजे दो अज्ञात युवक उसके पास पहुंचकर मीठी-मीठी बात कर बहलाने का प्रयास कर रहे थे। दो युवक नशे में धुत थे। हरेंद्र ने युवकों को किसी फैक्ट्री में बायलर आपरेटर की नौकरी के लिए धमतरी आने की बात बताई। पूरी बात सुनने के बाद नशेड़ी युवकों ने जेब से धारदार चाकू निकाल युवक की पीठ पर हमला कर घायल कर दिया। युवक को चाकू मारने के बाद उसकी जेब से मोबाइल व लगभग ढाई हजार रुपए लूट लिए।



### आरोपियों ने इलाज करा लेने की सलाह दी

मौके से फरार होने से पहले नशेड़ियों ने घायल युवक को पास में बड़े अस्पताल होने की बात बताते हुए वहां जाकर इलाज करा लेने की सलाह भी दी। इसके बाद लूट की रकम व मोबाइल के साथ वहां से भाग गए। घायल युवक किसी तरह मसीही अस्पताल पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भर्ती किया गया। लुटेरों द्वारा पूरी रकम लूटे जाने के कारण घायल दूसरे दिन सोमवार की दोपहर वहां से रिफर कराकर जिला अस्पताल में भर्ती हो गया। यहां घायल का इलाज जारी है।

## औपचारिक शुभारंभ आज, ईआरवी टीम को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

# डायल 112 के 12 वाहनों से पुलिस की आपातकालीन सेवा हुई और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले को मिले हाईटेक डायल 112 ईआरवी के 12 वाहनों से पुलिस की आपातकालीन सेवाओं को और भी मजबूती मिलेगी। इसके लिए ईआरवी टीम को प्रशिक्षण दिया गया।

कम्पोजिट बिल्डिंग में एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन एवं मौजूदगी में डायल 112 ईआरवी में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों व वाहन चालकों की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में आपातकालीन पुलिस सहायता व्यवस्था को और अधिक त्वरित, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाना था। इस दौरान जिले को प्राप्त कुल 12 हाईटेक डायल 112 ईआरवी वाहनों के संचालन, रिस्पांस सिस्टम, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, घटनास्थल तक शीघ्र पहुंच, तकनीकी समन्वय एवं आमजन से संवेदनशील व्यवहार के संदर्भ में जानकारी दी गई। जिले के 12 थाना क्षेत्रों में ये ईआरवी वाहन 24 घंटे तैनात रहेंगे। इससे सड़क दुर्घटना, महिला संबंधी अपराध, विवाद, मारपीट, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य आपात स्थितियों में नागरिकों को तत्काल एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

कार्यशाला में एसपी ने कहा कि डायल 112 एवं ईआरवी की सेवा आमजनता की सुरक्षा, विश्वास एवं त्वरित राहत का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दौरान एएसपी, डीएसपी, एसडीओपी नगरी, रक्षित निरीक्षक, डायल 112 के प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, एमटीओ सहित डायल 112 एवं ईआरवी के समस्त पुलिस अधिकारी , कर्मचारी एवं वाहन चालक उपस्थित थे। हाईटेक डायल 112 ईआरवी वाहनों का आज बुधवार को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।





### टीम को इन बिन्दुओं पर मिला प्रशिक्षण

कार्यशाला में डायल 112 एवं ईआरवी कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में संयमित व्यवहार, प्रभावी संवाद शैली, टीमवर्क, आधुनिक तकनीकी उपकरणों को बेहतर उपयोग, वायरलेस समन्वय, रिसपांस टाईम को कम करने एवं कानून व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं वाहन चालकों को सुरक्षित एवं सतर्क ड्राइविंग, आपातकालीन मार्ग संचालन, वाहन के रखरखाव एवं जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी निर्वहन के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

# भूमिपूजन के बाद अस्पताल के लिए नींव का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बेलरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम विकास समिति मांसानाला-कसपुर ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपा है। ग्राम विकास समिति कसपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र नेताम, सचिव रमेश कुमार मरकाम ने बताया कि ग्राम कसपुर में कुछ साल पहले स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत अस्पताल भवन निर्माण कराने पूर्व विधायक श्रीमती डा. लक्ष्मी ध्रुव ने भूमिपूजन किया था, लेकिन सालों बीतने के बाद भी अब तक अस्पताल भवन की नींव नहीं खोदी जा सकी है। ग्राम विकास समिति ने कलेक्टर से अस्पताल भवन निर्माण कराने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### स्वयं की लापरवाही से हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम धनेसरा के मोड़ के पास हुई बाईक दुर्घटना की विवेचना में पुलिस ने पाया कि धनेसरा निवासी 21 वर्षीय धनश्याम कोर्राम पिता स्व. भारत कोर्राम 8 नवंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 9542 से अपने निजी काम से नरहरपुर गया हुआ था। वापिस आते समय मोटर सायकल अनियंत्रित होने से स्वयं रोड किनारे लगे स्लैब में टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिसके कारण उसे आई गंभीर चोंट के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक घनश्याम कोर्राम पिता स्व. भारत कोर्राम के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिविल अस्पताल पखांजुर के मेमो पेश करने पर पखांजुर पुलिस को बताया गया कि मृतिका गिड़ढे निवासी 37 वर्षीय कुंती बाई उईके पति जंगलू को इलाज के लिए 15 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मृतिका का मौत ब्राड डेट होना उल्लेख किया है। संदिग्ध अवस्था के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया और शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया।

## निधन

### नकुलराम सिन्हा



**नगरी।** ग्राम भटगांव निवासी नकुलराम सिन्हा का निधन 18 मई सोमवार को हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मंदिर प्रांगण के लिए शासकीय जमीन की मांग

कुमार, संजय कुमार, सागर, अरूण, देवनाथ, उमेश्वर, धरमसिंग, रूपराम, संतोष, लक्ष्मीनारायण, सोमप्रकाश ने मांग की है कि शासकीय मद में खसरा नंबर 343 रकबा 4.25 हेक्टेयर में से 0.60 हेक्टेयर जमीन जय मां सेवा समिति अमलीडीह के नाम पर आरक्षित की जाए। इससे शासकीय जमीन के अतिक्रमण से सुरक्षा और सेवा समिति द्वारा ग्राम हितैषी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के लिए पर्याप्त जगह मिल जाएगी।

# सुशासन तिहार में मिली मछली जाली से मजबूत हुई आजीविका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकासखण्ड कुरुद अंतर्गत ग्राम पंचायत परखंदा निवासी कोमल निषाद आज ग्रामीण आजीविका और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की मिसाल बन गए हैं। सीमित संसाधनों के बीच परिवार का पालन-पोषण करने वाले कोमल ने कभी नहीं सोचा था कि शासन की योजनाओं से उन्हें ऐसा सहयोग मिलेगा जिससे उनका पारंपरिक व्यवसाय फिर से मजबूत हो सकेगा। सुशासन तिहार के दौरान किए गए एक छोटे से आवेदन ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया।

कोमल निषाद पिता करुण निषाद, जॉब कार्ड क्रमांक 355 जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के श्रमिक हैं तथा महानदी मछुआ समिति से जुड़े हुए हैं। उनका परिवार वर्षों से मछली पालन और मजदूरी पर निर्भर रहा है। गांव में उपलब्ध तालाबों और जलस्त्रोतों में मछली पालन उनके परिवार की पारंपरिक आजीविका का हिस्सा रहा है लेकिन आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के कारण वे इस कार्य को व्यवस्थित रुप से आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे। विशेष रुप से मछली पकड़ने के लिए आवश्यक जाली नहीं होने से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार उन्हें दूसरों से जाली मांगकर काम चलाना पड़ता था जिससे समय और आय दोनों प्रभावित होते थे।

## मनरेगा के मछुआरे श्रमिक को मिला संबल, परिवार की आय भी बढ़ी

### मछली पकड़ने अब दूसरों पर निर्भर नहीं

इसी दौरान जिले में आयोजित सुशासन तिहार उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आया। सुशासन तिहार के शिविर में उन्होंने मछली पालन कार्य के लिए मछली जाली की मांग रखी। विभागीय अधिकारियों ने उनकी आवश्यकता को गंभीरता से समझा और आवेदन को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। कुछ ही समय बाद उन्हें शिविर में मछली पालन हेतु मछली जाली प्रदान की गई। शासन से मिली इस सहायता ने कोमल निषाद के चेहरे पर नई मुस्कान ला दी। अब उन्हें मछली पकड़ने के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।



### अब ज्यादा आत्मविश्वास के साथ काम कर रहे

कोमल निषाद बताते हैं कि पहले संसाधनों की कमी के कारण कई बार काम बंद करना पड़ता था लेकिन अब मछली जाली मिलने से वे अधिक आत्मविश्वास के साथ काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में वे मछली पालन कार्य को और विस्तारित करेंगे तथा अपने परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका, शीघ्र मरम्मत की मांग

# भारी वाहनों से क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत करैहा एवं आसपास के गांवों को जोड़ने वाली सड़कें भारतमाला परियोजना के निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में गट्टासिल्ली से करैहा पहुंच मार्ग, करैहा गढ़िया चौक से नयापारा आरमुड़ा मार्ग, करैहा अटल चौक से सारंगपुर-खैरभरी मार्ग तथा आमदी-झुंझराकसा पहुंच मार्ग सहित कई ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। सड़कें जगह-जगह उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

### बारिश में स्थिति और भी गंभीर

ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों एवं आम नागरिकों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे आवागमन बाधित होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत कर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है। इस दौरान करैहा सरपंच राधेश्याम नेताम, सरपंच उमेश्वरी नेताम, सरपंच अरुण नेताम तोरण मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुनः सुशासन तिहार में किया आवेदन



ग्रामीणों का कहना है कि भारतमाला परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संबंधित निर्माण कंपनी और विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। पिछले सुशासन तिहार में भी आवेदन प्रस्तुत कर सड़क मरम्मत की मांग की गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब ग्रामीणों ने पुनः सुशासन तिहार में आवेदन देकर सड़क मरम्मत की मांग उठाई है।

## फूलों से लदा गुलमोहर का पेड़ मोह रहा सबका मन



**नगरी।** गर्मी के इस मौसम में जहां अधिकांश पेड़ों के पत्ते सूखकर गिर गए हैं वहीं गुलमोहर का वृक्ष फूलों से लदा है। यह पेड़ अपने फूलों के कारण सुंदरता बिखेर रहा है। नगरी सांकरा सिहावा सेमरा बेलर रोड किनारे यह सुंदर नजारा लोगों को आकर्षित कर रहा है।

### 12वीं सीबीएसई में खुशाली को 96.2 प्रतिशत अंक मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

12वीं सीबीएसई की परीक्षा में खुशाली जैन ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर जिले का नाम रोशन किया। मनीष जैन एवं प्रशांत जैन ने कहा कि खुशाली बचपन से ही पढ़ाई में होशियार है और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। इस उपलब्धि पर राकेश जैन, पूजा जैन समेत परिवारजनों ने हर्ष जताया है।

## समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती पर दिया जोर



- जिले के प्रवास पर पहुंचे झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जे.के. विश्वकर्मा अपने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक दिवसीय धमतरी जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान बिरेझर में आयोजित झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज की जिलास्तरीय बैठक में शिरकत की।

बैठक में जिले के 10 परिक्षेत्रों के अध्यक्षों द्वारा जिलाध्यक्ष का राजतिलक कर पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर लौह शिल्पकार बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा समेत समाज के विभिन्न परिक्षेत्रों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रैय्यत उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास को लेकर चर्चा की गई।

# नपं अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की विकास कार्यों की मांग

- मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर किया आत्मीय स्वागत, मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिले की कृषि उपज मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया एवं नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों हेतु मांग पत्र सौंपा।

बजरंग चौक से हरदीभाटा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने 34 करोड़ रुपए की मांग की गई है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 7 स्थित नगर के खेल मैदान में नवीन सुविधाओं के विस्तार हेतु 1 करोड़ 13 लाख रुपए, सिहावा रोड वार्ड क्रमांक 12 में नवीन बस स्टैंड निर्माण हेतु 1 करोड़ 18 लाख रुपए तथा वार्ड क्रमांक 4 गांधी सागर तालाब एवं वार्ड क्रमांक 13 गुढ़ियारी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की मांग रखी गई।

इसके अलावा वार्ड क्रमांक 8 मंडी रोड गौरव पथ का डामरीकरण, वार्ड क्रमांक 12 आंगनबाड़ी से बड़ी पुलिया तक टू-लेन सड़क निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती दरियारा तालाब से रमेश कश्यप निवास होते हुए सिहावा रोड बड़ी पुलिया तक टू-लेन सड़क निर्माण की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 8 तक बड़े झाड़ के जंगल में निवासरत हितग्राहियों के लिए पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने आवेदन पत्र दिया गया।

मुख्यमंत्री ने जिला अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

नगर पंचायत श्री छाबड़ा ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से नगर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा फोरलेन सड़क, नवीन बस स्टैंड, तालाब सौंदर्यीकरण एवं चौड़ी सड़कों आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से नगर को आधुनिक स्वरूप मिलेगा। इस दौरान पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकर देव, देवचरण ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल नारी, तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

// सूचना //

प्रति,

अभिनय पवार पि. अशोक
योगेश कुमार पि. धनेश्वर
लेखराम पि. प्रेमलाल
तेजेन्द्र पि. मनोहर
त्रिलोक पि. गनपत
चन्द्रहास/लक्ष्मण सिंह
गैंदलाल/रूपऊ
यादराम/तुकाराम
मोहन पि. सुकालू
चम्पाबाई/प्रेमशंकर

विषय :- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत्।

संदर्भ :-ज्ञापन क्र./124/ना.त./वा./कुरुद दि. 27.4.26

ग्राम सिवनीकला प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. नारी, तहसील कुरूद, जिला धमतरी के आवेदक अभिनय पवार पि. अशोक ने अपनी भूमि खसरा नं. 1088/1, 2044/1 रकबा 0.27, 0.03 हे. का सीमांकन करने हेतु न्या. तहसीलदार/नायब तहसीलदार कुरूद को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 22/5/26 समय 11:00 बजे को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि एवं समय को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्न :-उपरोक्तानुसार।

राजस्व निरीक्षक
नारी



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/112/वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 08 .05 .2026

आवेदक श्री अनिल वस्त्रकार आत्मज श्री राजकुमार वस्त्रकार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नंबर 2, रांक थाना सीपत तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी नंदनी आत्मजा श्री राम प्रसाद कमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नंबर 12, कमारपारा, बोदलबाहरा थाना मगरलोड तहसील मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


अनिल वस्त्रकार


कुमारी नंदनी

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)


## श्रद्धांजलि योजना की मिली राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत जोहनराम नेताम की मृत्यु पश्चात उनके पुत्र गणेशराम नेताम को नगर पंचायत नगरी द्वारा 2000 की राशि प्रदान की गई। मौके पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद शंकरलाल देव समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# देशसेवा से लौटे जवान का सहपाठियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम इर्रा निवासी लोकेश्वर साहू भारतीय सेना आर्मी से रिटायरमेंट होकर 18 मई को अपनी जन्मभूमि ग्राम इर्रा लौटे। गांव पहुंचने पर लोकेश्वर के सहपाठी जो हाईस्कूल बागतराई में साथ में अध्ययन किए थे, उनके द्वारा आर्मी जवान का फूलमाला एवं बैंड बाजे के साथ गली भ्रमण कराकर स्वागत किया गया। आर्मी जवान ने गांव के युवकों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। सरपंच



सूर्यकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज ग्राम इर्रा की माटी धन्य हो गई लोकेश्वर ने अपना पूरा जीवन भारत देश की सेवा में समर्पित कर दिया। सीमा पर डटकर, भूखे-प्यासे रहकर हमारी नींदें महफूज रखीं। आज जब आप सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे हैं, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति का आगमन नहीं, बल्कि शौर्य, त्याग और देशभक्ति का आगमन है। लोकेश्वर साहू ने वर्दी भले उतार दी, लेकिन एक सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। अब लोकेश्वर अपने गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे, अनुशासन सिखाएंगे और देशभक्ति की अलख जगाएंगे।

मौके पर किशोर साहू, पूरन साहू, सूर्या, राधेश्याम, दुष्यंत यदु, जयनारायण, हरबंश साहू, सीताराम, विश्वनाथ, मोहन, देवलाल, खेमिन साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# धमतरी जेल में तीन दिवसीय ध्यान योग का शुभारंभ

- आनापानसति ध्यान से कैदियों ने अनुभव की मानसिक शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट एवं श्री नारायण चेतना पिरामिड ध्यान केंद्र के तत्वावधान में जिला जेल धमतरी में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सुबह 6 बजे से 7 बजे तक विशेष ध्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 305 कैदियों सहित जेल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आनापानसति ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा इसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह ध्यान पद्धति भगवान बुद्ध द्वारा प्रदत्त एक सरल, वैज्ञानिक एवं प्रभावशाली ध्यान अभ्यास है। आनापानसति का अर्थ है - भीतर आती और बाहर जाती प्राकृतिक सांसों के प्रति पूर्ण जागरूकता के साथ एकाकार हो जाना।

ध्यान प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति तनाव, क्रोध, भय और नकारात्मक विचारों से धीरे-धीरे मुक्त होकर मानसिक शांति एवं आत्म जागरूकता की ओर अग्रसर होता है। सत्र में कैदियों को शांत वातावरण में बैठकर श्वास जागरूकता का अभ्यास कराया गया। ध्यान के बाद कई प्रतिभागियों ने मानसिक हल्कापन, सकारात्मक ऊर्जा और आंतरिक शांति का अनुभव साझा किया।

प्रशिक्षकों ने 40 दिनों के संकल्प ध्यान अभ्यास की महत्ता बताते हुए कहा कि नियमित ध्यान व्यक्ति के विचार, व्यवहार और जीवन दृष्टि में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। साथ ही जीवन में चार समझौते अपनाने - सत्य बोलना, बातों को व्यक्तिगत रूप से न लेना, अनुमान न लगाना तथा सदैव अपना श्रेष्ठ देना - की प्रेरणा भी दी गई।

कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार डहरिया, दानी लाल साहू, निरंजन रात्रे एवं रिपुदमन निषाद उपस्थित रहे। ध्यान प्रशिक्षण धर्मेंद्र गजेंद्र, भानुप्रताप एवं हेमंत निषाद द्वारा दिया गया।

आयोजकों ने बताया कि तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करना तथा आत्म-सुधार की भावना को प्रोत्साहित करना है।


Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध



डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### हाटकोंदल में कांग्रेस की मंडल स्तरीय बैठक आज

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के निर्देश पर बुधवार 20 मई को सुबह 9 बजे ग्राम हाटकोंदल में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष धनेश नरेटी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान संगठन सृजन, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने तोड़ा दम

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत गैस गोदाम कांकेर के पास सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग महिला का इलाज के दौरान 17 मई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि दुधावा चौकी अंतर्गत मावलीपारा निवासी 62 वर्षीय उषा बाई उईके पति महार सिंह घायल हो गई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सेवानिवृत्त शिक्षक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**भानुप्रतापपुर।** नगर में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत्त शिक्षक हीरामणि साहू (85) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है। जानकारी के अनुसार, राइसमिल पारा भानुप्रतापपुर निवासी तथा मूल निवासी केवटिनटोला, कोरर के रहने वाले हीरामणि साहू प्रतिदिन सुबह करीब 5 बजे टहलने के लिए घर से निकलते थे। मंगलवार 19 मई की सुबह भी वे नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान सुबह लगभग सवा 5 बजे भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर संबलपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को रेलवे पटरी से हटवाकर अस्पताल पहुंचाया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक भखारा**
**तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**सूचना पत्र**
क्रमांक/Q/रा.नि./2026 भखारा
दिनांक 19/05/2026

प्रति,
1. सन्नी बंजारे पि. पवन कुमार बंजारे
2. पूनम जैन पि. राकेश जैन भखारा

विषय- सीमांकन निरीक्षण करने बाबत्।
संदर्भ- न्या. तहसीलदार भखारा जिला धमतरी के ज्ञा.क्र. 439/ तह./ वा./2026 भखारा दिनांक 06/04/2026

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आवेदक सन्नी बंजारे पिता पवन जाति सतनामी निवासी ग्राम बंजारी कस्तकार ग्राम बंजारी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 221/1 रकबा 0.14 हे. का सीमांकन निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन स्थल जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 26/05/2026 समय 11.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेगें।

राजस्व निरीक्षक
भखारा

# 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को तीन किस्तों में मिलेगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ वर्ष 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित सतत कृषि विकास एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद, हरी खाद एवं नीलहरित काई जैसे वैकल्पिक उपायों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

खाड़ी क्षेत्र में वर्तमान तनावपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए राज्य शासन ने सभी कृषकों को समय पर और समानुपातिक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने विशेष रणनीति तैयार की है।

जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ 2025 में कृषकों को वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत मात्रा तथा डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा ही खरीफ 2026 में प्रारंभिक रूप से वितरित की जाएगी। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक यूरिया उपलब्ध होने पर दी जाएगी, अन्यथा नैनो यूरिया के रूप में प्रदाय की जाएगी। इसी प्रकार डीएपी की शेष मात्रा उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाएगी।

उर्वरक वितरण की गणना बोरी के आधार पर की जाएगी। खरीफ 2025 में वितरित उर्वरक की कुल बोरी संख्या के आधार पर ही खरीफ 2026 की पात्रता तय होगी। यदि गणना में दशमलव संख्या प्राप्त होती है तो निकटतम पूर्णांक को मान्य किया जाएगा। उदाहरणस्वरूप 7.2 बोरी होने पर 7 बोरी तथा 7.8 होने पर 8 बोरी स्वीकृत मानी जाएगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें तथा कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करें।

### उर्वरक वितरण के लिए राज्य शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश



#### उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए नई व्यवस्था

राज्य शासन ने बड़े कृषकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। जिन कृषकों की भूमि धारिता 5 एकड़ से अधिक है, उन्हें निर्धारित मात्रा के अनुसार यूरिया तीन किस्त में वितरित किया जाएगा। दूसरी किस्त पहली किस्त के 20 दिवस बाद तथा तीसरी किस्त दूसरी किस्त के 20 दिवस बाद दी जाएगी। इससे उर्वरकों का संतुलित उपयोग होगा तथा अनावश्यक भंडारण एवं दुरुपयोग पर रोक लगेगी।

## देश के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम का नगर में विरोध

# महंगाई रूपी डायन को बिठाकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन





### आरोप
### मोदी-शाह की जोड़ी देश की संपतियों को बेच रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बढ़ती महंगाई को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वय योगेश शर्मा गौतम वाधवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महंगाई रूपी डायन को बिठाकर घड़ी चौक स्थित पेट्रोल पम्प में सांकेतिक प्रदर्शन किया

कांग्रेसियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री एवं सोना-चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। महंगाई से किसान, मजदूर, व्यापारी, मध्यम वर्ग एवं आम नागरिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई विरोधी प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, मोहन लालवानी, आनंद पवार, विपिन साहू, विजय देवांगन, कविता बाबर ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा आई है, डीजल, पेट्रोल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। कांग्रेस सरकार में जो दाम थे, उससे दो गुना ज़्यादा क़ीमत मोदी सरकार वसूल रही है। भाजपाई कांग्रेस सरकार में छाती पीट-पीट कर महंगाई का रोना रोते थे, आज वे कहां है। मोदी- शाह की जोड़ी देश की संपतियों को बेच रही है। ट्रंप से डरकर हमारे पुराने मित्र ईरान और रूस से भारत के संबंध ख़राब हो रहे हैं। जैसे पिंजरे में बंद तोते की जान उसके मालिक के हाथ में होती है, वैसे ही आज मोदी सरकार अपने चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुचाने के लिए ट्रंप के आगे सरेंडर हो रही है और इसका खामियाजा भारत की जनता को भुगतना पड़ रहा है। मौके पर अरविंद दोशी, आनंद पवार, दीपक सोनकर विजय प्रकाश जैन, विपिन साहू,आलोक जाधव, सलीम रोकड़िया, ब्रजेश जगताप, विक्रांत पवार, दीपक साहू, अविनाश मारोठे, विक्रांत शर्मा, सोमेश मेश्राम, शास्त्री सोनवानी, वातांजलि गोस्वामी, लुकेश्वरी साहू, नीतू कोर्राम, तेजराम सिन्हा, ज्ञानचंद सिन्हा,अमित बाघमरिया, खिलेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरकार विदेशी नीति में फेल

आगे कहा कि पेट्रोल डीजल पंपों में भारी भीड़ और पेट्रोल पंपों का ड्राई होना इस बात का सबूत है कि सरकार विदेशी नीतियों में फेल है। चुनावी लाभ लेने के लिए मोदी जी ने भारत की अर्थव्यवस्था और जनता को आर्थिक संकट में डालने का काम किया है। देश की जनता अब सब समझ चुकी है।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 65 मरीज लाभान्वित

- चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति धमतरी के तत्वाधान में स्व. पाण्डुरंग शंकर राव मोघे की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत तुमराबहार के अधीनस्थ ग्राम खिरकीटोला के सामुदायिक भवन में किया गया जिसमें 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मंचीय कार्यक्रम भी हुआ। मुख्य अतिथि रामभरोसे सोनी प्रदेश अध्यक्ष विद्याभारती थे। अध्यक्षता सनत कुमार शर्मा अध्यक्ष चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति धमतरी ने की। अन्य अतिथि वरिष्ठ स्वयंसेवक शिरोमणि राव घोरपड़े, रामलखन गजेन्द्र नगर संघ चालक, पूर्व चिकित्सक डॉ. के.एस. शाडिल्य थे।

मौके पर चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति के सदस्य भंवरलाल देवांगन, दीपक पाठक, दीनबन्धु सिन्हा, रामजी साहू, यादराम साहू, तुमराबहार सरपंच दीपक ध्रुव, वरिष्ठ स्वयं सेवक महेश शर्मा, विनोदराव रणसिंह, दिनकरराव चौहान, ऋषिकांत सिन्हा, शिवाजी साहू, शैलेष चन्द्राकर, अभिषेक जगताप, बबला घाटगे समेत अन्य उपस्थित थे। सनत शर्मा एवं रामभरोसे सोनी ने स्व. पाण्डुरंग शंकरराव मोघे की जीवनी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव राकेश जाधव ने किया। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।

## जिपं सभापति की पहल से खरेंगा को मिला पानी टैंकर



- लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्धता कराना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम खरेंगा में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन के विशेष प्रयास से 15वें वित्त आयोग की राशि से पानी टैंकर प्रदान किया गया।

लोकार्पण अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसे देखते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि का सदुपयोग करते हुए ग्राम खरेंगा के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया है। सड़क, पानी, बिजली एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को



बेहतर सुविधाएं मिल सकें। जनपद सदस्य श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि ग्राम खरेंगा में पानी की समस्या को लेकर लगातार मांग उठाई जा रही थी। जिला पंचायत सभापति द्वारा गंभीरता से पहल करते हुए पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। सरपंच श्रीमती नीलम अडिल ने कहा कि गर्मी के दिनों में गांव में पेयजल समस्या अधिक बढ़ जाती थी, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पानी टैंकर मिलने से अब जरूरत के समय गांव में पेयजल उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।

मौके पर उपसरपंच डिसेन्ट साहू, पूर्व सरपंच मोहन साहू, पूर्व सरपंच अमेरिका ध्रुव, ग्राम सचिव मेकूराम निषाद, स्थानीय नागरिक तरुण साहू, भगवती विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जीवदया और गौसेवा में जुटे युवा, छह वर्षों से हर रविवार चला रहे सेवा अभियान

**धमतरी।** प.पू. श्री खर्तरगच्छ आचार्य श्री महेन्द्र सागर म.सा. की प्रेरणा से श्री जैन मणिधारी मित्र मंडल के युवा पिछले छह वर्षों से लगातार जीवदया और गौसेवा का कार्य कर रहे हैं। हर रविवार सुबह युवा टोली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर गायों एवं अन्य मूक पशुओं को रोटी, सब्जी, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री खिलाने के साथ-साथ पानी की व्यवस्था भी कर रही है।

## प्रशासन का बड़ा फैसला : लू से बचाव के लिए बैलगाड़ी-टांगा संचालन पर दोपहर में प्रतिबंध

**धमतरी।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने पशुओं के संरक्षण एवं उनके स्वास्थ्य



सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। परिवहन एवं कृषिक पशुओं पर क्रूरता निवारण नियमों के तहत जिले की सीमा अंतर्गत पशुओं के माध्यम से वजन अथवा सवारी ढोने वाले सभी साधनों के संचालन पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 1 मई



2026 से प्रभावशील है तथा 30 जून तक लागू रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, टांगा, ऊंटगाड़ी, खच्चरगाड़ी, टट्टूगाड़ी एवं गधा गाड़ी जैसे पशु चालित साधनों का उपयोग निर्धारित समयावधि में नहीं किया जा सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भीषण गर्मी के दौरान अत्यधिक तापमान के कारण पशुओं में निर्जलीकरण, थकावट, गंभीर बीमारी एवं मृत्यु तक की आशंका बनी रहती है। ऐसे में यह निर्णय पशुओं के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिया गया है। कलेक्टर ने पशुपालकों, वाहन संचालकों एवं आम नागरिकों से आदेश का पालन करने की अपील की है। साथ ही पशुओं को पर्याप्त पानी, छायादार स्थान एवं आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पचपेड़ी संस्कार शाला के बच्चों ने 52 घरों में कराया गृहे-गृहे यज्ञ

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे गृहे-गृहे यज्ञ अभियान के तहत ग्राम पचपेड़ी के संस्कार शाला के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक पहल करते हुए 52 परिवारों में यज्ञ संपन्न कराया। बच्चों ने टोली बनाकर घर-घर पहुंचकर गायत्री मंत्रोच्चार एवं संक्षिप्त हवन विधि से यज्ञ कराया। इस अभियान में बाल एवं किशोर संस्कार शाला के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्कार शाला की संचालिका श्रीमती बबीता साहू ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से मंत्र उच्चारण, यज्ञ संचालन तथा नैतिक एवं संस्कारिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## अंचल की खबरें

### माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट ने किया खीर प्रसाद का वितरण



**धमतरी।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा प्याऊ घर दुलारी नगर रुद्री रोड धमतरी में पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर श्रीमती कमलेश गुप्ता (जिलाध्यक्ष) के नेतृत्व में खीर प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्य में श्रीमती कमलेश गुप्ता (जिलाध्यक्ष), श्रीमती सुनीति ध्रुव, श्रीमती पूनम तिवारी, वृंदावन गुप्ता, अजय शर्मा, भुवनेश्वर सिंह राजपूत, जितेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही, ट्रस्टी अध्यक्ष गुरुदेव संकर्षण शरण (गुरुजी) ने इस कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

### कबड्डी प्रतियोगिता में बोरिद प्रथम




**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में 16 मई को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम इनाम 12001 रूपये बोरिद , द्वितीय इनाम 8000 रूपये परसट्ठी, तृतीय 4000 रूपये भोथली एवं चतुर्थ इनाम 2000 रूपये कातलबोड़ की कबड्डी टीम को मिला। बेस्ट ऑल राउंडर हिमेश ध्रुव परसट्ठी, बेस्ट रेडर करण बोरिद एवं बेस्ट कैचर प्रदीप भोंसले रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार साहू एसएन ग्रुप डायरेक्टर थे। अध्यक्षता रामस्वरूप साहू ने की। अन्य अतिथि भखारा सोसायटी अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, ईश्वर निषाद रहे। इस अवसर पर मुकेश कुमार अध्यक्ष, मनीष पाल, शैलेंद्र, श्रवण, भारत, घनश्याम, देव, रमेश, गजाधर पाल समेत ग्रामवासियों ने कबड्डी का आनंद लिया।

### माहेश्वरी महिला मंडल ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



**धमतरी।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अधिक मास के अवसर पर सेवा और धर्मभावना से जुड़ा अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों तथा जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में करीब 500 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। महिला मंडल की सदस्याओं ने अस्पताल परिसर में स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धा और समर्पण के साथ भोजन वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल की महिलाओं ने कहा कि अधिकमास को धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है और इस पावन अवधि में सेवा कार्य करना पुण्य का कार्य माना जाता है। जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत किया जा सकता है। मरीजों के परिजनों ने कहा कि अस्पताल में इस तरह की पहल जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने का काम करती है। मंडल की सदस्याओं ने आगे भी सामाजिक और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही।

### विद्युत लाइन में खराबी, धान फसल बर्बाद



**मगरलोड।** विकासखण्ड के ग्राम रांकाडीह, भोथीडीह, बोड़रा के किसानों ने भोथीडीह खार में रबी फसल धान की बुवाई की थी। धान फसल पकने के समय विद्युत लाइन में खराबी होने से लगभग 20 दिन पानी नहीं मिला। इससे फसल सूखकर बर्बाद हो गई। ग्राम पंचायत रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू की 5 एकड़, साधुराम 1 एकड़, सुदामाराम 10 काठा, राजेन्द्र पटेल 1 एकड़, रामलाल साहू 1 एकड़, धुखु निषाद 1 एकड़, नन्द बंसोड़ 8 काठा सहित 10 एकड़ धान फसल सूखकर खराब हो गई। किसानों ने बताया कि विद्युत लाइन के खराब होने की जानकारी विद्युत सब स्टेशन कुण्डेल के जेई लोकेश ठाकुर को दी गई । 20 दिन तक विद्युत लाइन में सुधार नहीं हुआ। परेशान किसानों ने शासन -प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में कुंडेल जेई लोकेश ठाकुर से सम्पर्क नहीं हो पाया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नुक्कड़ नाटक से किया जनगणना के लिए जागरूक

**आमदी(धमतरी)।** जनगणना के संबंध में आमजन के बीच जागरूकता फैलाने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नगर पंचायत आमदी द्वारा स्कूल चौक स्थित मंच पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जनगणना के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों में किया जाता है। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रखी जाती है और उसका दुरुपयोग नहीं किया जाता। नगर पंचायत आमदी के सीएमओ दीपक शुक्ला ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करें, ताकि शासन को सही आंकड़े प्राप्त हो सकें और योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा सके।

### अग्निवीर भर्ती के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के लिए आवेदन करने वाले जिले के इच्छुक आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण 15 मई से प्रारंभ किया जा चुका है, प्रशिक्षण 04 जून तक दिया जाएगा। अग्निवीर में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक आवेदक उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### इलाज के लिए लाए युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए युवक का इलाज से पहले ही मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश करते हुए पुलिस को बताया कि 18 मई को इलाज के लिए अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के 37 वर्षीय देवाराम मंडावी पिता धरमू राम मंडावी को इलाज के लिए अस्पताल में लाए थे। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया कि युवक की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आदर्श आचरण संहिता का पालन करने का अव्हान

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरपालिका परिषद, नगर पंचायतों के उप निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता का पालन करने का अव्हान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरीय निकायों में उप निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है।

# श्रमिकों को रोजगार और पंचायत समिति को मिल रही नई परिसंपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में ग्रामीण विकास और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत नवा तरिया निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में इन कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यों से न केवल ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय रोजगार मिल रहा है बल्कि पंचायतों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित हो रहा है।

गर्मी में जल संकट और भू-जल स्तर में गिरावट की चुनौती को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न विकासखंडों की कई ग्राम पंचायतों में नवा तरिया निर्माण को स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्यों में बड़ी संख्या में पुरुष और महिला श्रमिक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से श्रमिकों को अन्य शहरों की ओर पलायन कम करना पड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। जिला पंचायत द्वारा गुणवत्ता और समय-सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का मानना है कि नवा तरिया निर्माण गांवों के दीर्घकालीन विकास, जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## मनरेगा के तहत जिले में नवा तरिया निर्माण कार्य तेज



### जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में विशेष पहल

नवा तरिया निर्माण केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वर्षा जल संग्रहण और भू-जल स्तर सुधार में भी मददगार साबित हो रहा है। निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कार्यस्थलों पर पेयजल, मेडिकल किट और छांव जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, तरिया बनने से आसपास के खेतों, हरित क्षेत्रों और जैव विविधता को लाभ मिलेगा, साथ ही पशुओं और ग्रामीणों के लिए जल उपलब्धता बेहतर होगी।

## विधायक ने किया सिलौटी में 4.59 करोड़ के कॉलेज भवन का भूमिपूजन व पचपेड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और सहकारिता से होगा असली विकास : अजय







हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में ग्राम सिलौटी और पचपेड़ी में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। सिलौटी में 459.32 लाख की लागत से निर्मित होने वाले शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन हुआ, वहीं ग्राम पचपेड़ी में आम जनता को त्वरित चिकित्सा लाभ देने के लिए 5 बिस्तरों वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया।

मंगलवार को नवीन महाविद्यालय के भूमिपूजन अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि सिलौटी में कॉलेज की मांग औपचारिक रूप से नहीं उठी थी, लेकिन क्षेत्र की दूरगामी आवश्यकताओं को देखते हुए मैंने इसे स्वीकृत कराया। शिक्षा का उद्देश्य किसी एक गांव तक सीमित नहीं होता, बल्कि इससे समूचा क्षेत्र लाभान्वित होता है। हमारा संकल्प कुरुद विधानसभा के ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) को राष्ट्रीय स्तर के समकक्ष लाना है। उन्होंने बदलते परिदृश्य का हवाला देते हुए युवाओं के लिए कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) को अनिवार्य बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास का श्रेय विधायक के प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कुरुद विधानसभा लगातार प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापति आनंद यदु, सिंधु बैस, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, पूर्व अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल देवांगन, भीम साहू, रवि सिन्हा, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, फनेन्द्र सिन्हा, लेखराम सिन्हा, भोलाराम साहू, डिकेश्वरी देवांगन, गणेश साहू, संतोष यादव, सरपंच अनिलराव शिंदे, विनय साहू सहित एसडीएम नभसिंह कोसले, सीएमएचओ डॉ. कौशिक, एसडीओ आरके शुक्ला एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### औद्योगिक मांग के अनुरूप तैयार होंगे स्थानीय युवा

विधायक श्री चंद्राकर ने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे गांवों में शिक्षा और जागरूकता का ऐसा माहौल तैयार करें जिससे स्थानीय युवा पढ़ाई और कौशल के दम पर जामगांव, बगौद, डांडेसरा और कचना जैसे नजदीकी औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का शत-प्रतिशत लाभ उठा सकें। पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर कोई क्षेत्रीय असंतुलन नहीं है। जहां कहीं आंशिक कमी है, उसे जनभागीदारी से पूरा किया जा रहा है।

### खेती-किसानी को प्राथमिकता, प्रशासन को कड़े निर्देश

वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर खाद और ईंधन की संभावित किल्लत पर चिंता जताते हुए विधायक ने किसानों को अग्रिम व वैकल्पिक व्यवस्था रखने की सलाह दी। उन्होंने मंच से ही कलेक्टर को निर्देशित किया कि कृषि कार्य के सीजन में किसानों को डीजल और खाद की कमी किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने वालों पर भी तीखा तंज कसा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रशासनिक प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विकास कार्य समयसीमा में पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 200 मीट्रिक टन क्षमता का खाद-बीज गोदाम बनाया जाएगा और उपार्जन केंद्रों को सोसायटी में बदला जा रहा है।

### सहकारिता और डिजिटल कनेक्टिविटी का नया मॉडल

विधायक ने बताया कि परखंदा, मंदरौद, करेली बड़ी और सिलौटी में कॉपरेटिव बैंक खोलने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य जारी है, जिसमें सिलौटी बैंक की स्वीकृति अंतिम चरण में है। इसके अलावा ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए हर ग्राम पंचायत भवन में वाई-फाई की सुविधा और ई-लाइब्रेरी की शुरुआत की जा रही है। पचपेड़ी अस्पताल के बारे में उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, वहां सातों दिन 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# रुद्री रोड फोरलेन के आश्वासन से दहशत

■ लोगों को घर-दुकान बचाने की चिंता सता रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार में धमतरी पहुंचे थे। इस दौरान महापौर और विधायक की मांग पर उन्होंने अंबेडकर चौक से रुद्री रोड तक फोरलेन बनाने का आश्वासन दिया है।

इससे फोरलेन की जद में आने वाले गोकुलपुर और महात्मा गांधी वार्ड रुद्री रोड निवासी दहशत में आ गए हैं। पहले दिन उनकी रात आंखों ही आंखों में कटी। दूसरे दिन सोमवार की शाम लक्ष्मी निवास चौक रेस्टोरेंट में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न निर्णय लिए गए।

बैठक में मौजूद लोगों का कहना था कि एक तरफ सरकार लोगों को रोजगार देने की बात करती है दूसरी तरफ इस फोरलेन की वजह से लोगों का रोजगार छीन जाएगा। भटगांव चौक से कर्मा चौक तक रहने वाले लोगों के घर उजड़ जाएंगे। ज्यादातर सभी घरों के सामने दुकान में व्यवसाय होता है, जिनसे उनका जीविकोपार्जन होता है। यदि फोरलेन बनेगा तो दुकानें टूट जाएंगी और उनकी रोजी-रोटी भी छीन जाएगी। रहवासियों कहना है कि महापौर की पहल पर अमलतासपुरम के सामने से पॉलीटेक्निक कालेज तक नहर किनारे सड़क बनाने की घोषणा हो गई है जिससे ट्रैफिक डाइवर्ट हो जाएगा और यहां पर दबाव कम हो जाएगा।

वे चौड़ीकरण का विरोध नहीं करते हैं लेकिन जहां पर मकान है, वहां पर सड़क संकरी की जा सकती है। जल्द ही कलेक्टर से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे।

बैठक में दीपक दुबे, विजय पुरी गोस्वामी, बाबूलाल यदु, किशोर कुमार वाही, प्रशांत जाधव, उत्तम साहू, रामकुंवर साहू, मुकेश वर्मा, भीखमलाल साहू, अजय मीनपाल, डॉ भूपेंद्र साहू, हेमंत, महेश कुमार नरवानी, राजा भोजवानी मौजूद थे।

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे स्पोकन इंग्लिश, चित्रकारी

**सिर्री।** ग्रामीण साहू समाज अटंग के तत्वावधान में 18 मई सोमवार से साहू समाज भवन में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोकन इंग्लिश, खेलकूद, संगीत, चित्रकारी इत्यादि सिखाया जाएगा। गर्मी छुट्टी में बच्चे इधर-उधर घूमते रहते हैं । अपने समय को खराब करते हैं। इसे देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित है। इससे बच्चे संस्कारवान भी बनेंगे। समर कैंप में पूनाराम साहू, संतोषी साहू एवं अन्य युवा साथी अध्यापन कार्य करेंगे।











